प्रादेशिक समाचार
03.09.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा लिखा गया एक लेख साझा किया, जिसमें भारत की परिवर्तनकारी सेमीकंडक्टर यात्रा पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर इंडिया समिट 2025 इसी यात्रा की निरंतरता का प्रतीक है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि देश संपूर्ण सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला के लिए एक प्रतिस्पर्धी केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

**********************

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कोडरमा जिले ने लक्ष्य से ज्यादा सफलता हासिल की है।

**********************

सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार से कहा है कि वह भारत में अपराध के आरोपी विदेशी नागरिकों को देश से फरार होने से रोकने के लिए उपयुक्त नीति बनाने पर विचार करे। यह मुद्दा एक हाई–प्रोफाइल आपराधिक मामले की सुनवाई के दौरान उठा, जिसमें आरोपी एक नाइजीरियाई नागरिक, मई 2022 में झारखंड उच्च न्यायालय से ज़मानत पाने के बाद कथित तौर पर अपने देश भाग गया। शीर्ष अदालत ने पिछले साल दिसंबर में ज़मानत आदेश को रद्द कर दिया था और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि आरोपी को मुकदमे का सामना करने के लिए भारत वापस लाया जाए।

**********************

राज्य में आदिवासियों का प्रमुख प्रकृति पर्व करमा धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों में अखरा में पाहन की अगुवाई में करम डाल की पूजा और जावा की अर्चना की गई। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय भाषा विभाग में छात्र–छात्राओं ने ढोल–नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक नृत्य–गीत प्रस्तुत कर उत्सव का माहौल बना दिया। इस अवसर पर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि करमा पर्व केवल आस्था नहीं बल्कि प्रकृति संरक्षण और संतुलित जीवन का संदेश देने वाला पर्व है।

**********************

रांची स्थित रिनपास अपने स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है और कल कांके स्थित परिसर में शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में देश–विदेश के विशेषज्ञ शामिल होंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कार्यक्रम में आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया। डॉ. अंसारी ने कहा कि यह झारखंड और देश के लिए गौरव का क्षण है और समारोह में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की नई पहल प्रस्तुत की जाएगी।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले में एमडीए–आइडीए अभियान को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है और फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 85 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने बताया कि अब मॉपअप राउंड चलाकर शेष लोगों को भी दवा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अर्बन क्षेत्र में उपलब्धि कम रही है, इसलिए वहां विशेष फोकस करने का निर्देश दिया गया है।

**********************

जमशेदपुर में सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री चुनाव में मानव केडिया निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं, साथ ही उनकी टीम के छह अन्य पदाधिकारी भी बिना मुकाबले निर्वाचित हुए। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मानव केडिया ने कहा कि यह व्यवसायियों के विश्वास का परिणाम है और वे व्यापारियों की समस्याओं को सरकार के सामने मजबूती से उठाएंगे।

**********************

गुमला पुलिस ने एसपी हारीश बिन ज़मा के निर्देश पर पुलिस लाइन मैदान में मॉक ड्रिल किया। यह अभ्यास करमा और ईद–मिलाद–उन–नबी पर्व के दौरान विधि–व्यवस्था संधारण और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया।

********समाप्त*********